प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

**************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में संविधान के संथाली संस्करण का विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह सभी संथाली लोगों के लिए गर्व और खुशी की बात है कि संविधान अब संथाली भाषा में, ओल चिकी लिपि में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इससे लोग संविधान को अपनी भाषा में पढ़ और समझ सकेंगे।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देश भर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभर रहे हैं। आज वर्चुअल माध्यम से सांसद खेल महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका दायरा और प्रभाव, दोनों ही काफी बढ गए हैं। उन्होंने कहा कि यह खेल महोत्सव युवा विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है।

**************

साहिबगंज रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट के मैदान में लोकसभा स्तरीय खेल महोत्सव और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूल कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को सांसद आदित्य साहू और पूर्व विधायक अनंत ओझा ने पुरस्कृत किया। श्री साहू ने बताया कि देश भर में आयोजित खेल महोत्सव में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

**************

देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की 101 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। इस मौके पर रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई और उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने किया। इधर धनबाद में स्थानीय विधायक राज सिन्हा के कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक ने कहा कि अटल जी को केवल भाजपा के कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया याद कर रही है। सिमडेगा के स्व. अटल बिहारी बाजपेयी पार्क में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा– सुमन अर्पित किए गए। सरायकेला के गेराज चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**************

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा है कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में फरवरी 2026 तक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर सभी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में एचएमआईएस –हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम और वाई–फाई पूर्ण रूप से लागू करने का निर्देश दिया है।

**************

खूंटी जिले में बड़ा दिन अर्थात् क्रिसमस का त्यौहार आज भी ग्रामीण इलाकों में सामुदायिक तरीके से मनाया जाता है। विस्तृत ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता।

**************

चक्रधरपुर रेल डिवीजन में मनोहरपुर से झारसुगड़ा तक हाथियों के मूवमेंट के कारण ट्रेनों का परिचालन बाधित हो रहा है। चक्रधरपुर रेल डिवीजन से जारी सर्कुलर के मुताबिक इस बार 18 लोकल ट्रेनों को आज से 28 दिसंबर के बीच 4 दिन के लिए रद्द किया गया है।

*********समाप्त*********